## खास-खबरें

### कथा वाचक अनिरुद्ध आचार्य 23 को आएंगे



गंजबासौदा। देश के प्रतिष्ठित संत कथा वाचक अनिरुद्धाचार्य महाराज 23अप्रेल से 29अप्रेल तक भागवत कथा का वाचन बरेठ के पास वंजारी माता मंदिर स्थल पर करेंगे यह आयोजन श्री कैला देवी फाउंडेशन के सौजन्य से किया जा रहा है उक्त आश्य की जानकारी फाउंडेशन के अध्यक्ष तेज सिंह योगी द्वारा दी गई बताया गया कि 29 अप्रैल को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा धर्म प्रेमी जनों से धर्म लाभ लेने की अपील की गई है भागवत कथा में यजमान बनने का धर्म लाभ लेने के लिए फाउंडेशन के पदाधिकारीयों से संपर्क करें।

### विद्यार्थी परिषद ने असामाजिक तत्वों के खिलाफ खोला मोर्चा

**गंजबासौदा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सक्रिय कार्यकर्ताओं ने स्थानीय महाविद्यालयों के परिसर तथा महाविद्यालय के आसपास क्षेत्र में असमाजिक तत्वों की गतिविधियों को लेकर चिंता जताई है परिषद ने पुलिस अधीक्षक को उनके प्रवास के दौरान विज्ञापन सौंप कर व्यवस्था बनाए रखने की मांग की है खास तौर पर असमाजिक तत्वों पर नकल डालने के लिए आग्रह किया है जिससे कि महाविद्यालय परिसर में उनकी गतिविधियां संचालित न हों।

### खसरो के लिकिंग कार्य शुरु

देवास। जिले में फार्मर पंजीयन और आधार से खसरो के लिकिंग कार्य के लिए शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। तहसीदारों द्वारा शिविरों का निरीक्षण भी किया जा रहा है। उदय नगर तहसीलदार द्वारा ग्राम पानकुआ, रामपूरा, गुराड़दा, पाण?डुतालाब का निरीक्षण करने पर पटवारी सुश्री निधि सिकरवार, श्रीमती पिंकी मुजाल?दे, श्री सुमित वाने एवं श्री कमल किशोर शिविर में उपस्थित नहीं पाये जाने पर इन पटवारियों का एक दिन का वेतन काटने की कार्यवाही की गई।

### निःक्षय शिविर में 100 टीबी मरीजों को पोषण आहार वितरित

विदिशा (निप्र)। जिला जेल में जिला क्षय स्वास्थ्य समिति द्वारा टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत निःक्षय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर के माध्यम से 280 कैदियों का एक्स-रे किया गया। शिविर का आयोजन डॉ. समीर किरार की देखरेख में किया गया और निःक्षेय मित्र बनकर 100 टीबी मरीजों को पोषण आहार सामग्री वितरित की गई। अडानी फाउंडेशन द्वारा 100 मरीजों को फूड बास्केट डिस्ट्रब्यूशन किया गया।

# महाकुंभ का गंगा जल प्राप्त करना भक्तों के लिए अत्यंत शुभ माना जाताःनपाध्यक्ष राठौर

सीहोर।

**गंगा जल हिंदू धर्म में विशेष धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्व रखता है। इसे पवित्र और मोक्षदायी माना जाता है। महाकुंभ का गंगा जल प्राप्त करना भक्तों के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है। उक्त विचार गुरुवार को शहर के मनकामेश्वर महादेव मंदिर में नगर पालिका के द्वारा हर हर गंगे-हर घर गंगे अनूठी पहल अभियान का आगाज करते हुए नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहे।**



उन्होंने कहा कि 108 कलशों से गंगा का जल लेकर श्रद्धालु आए है। वहीं कार्यक्रम के दौरान विशेष रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने कहाकि नपा की पहल सार्थक है। प्रयागराज महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें हमारे क्षेत्र ही नहीं देश और विदेश के करोड़ों लोगों के साथ साधु-संतों ने आस्था के साथ स्नान किया है। नगर पालिका के द्वारा हर-हर गंगे-हर घर गंगे मां गंगे कलश यात्रा का आयोजन किया गया। इस पहल पर स्थानीय रहवासियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। उन्होंने नपा के इस प्रयास के लिये आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय रहवासियों और महिलाओं ने हर्षोल्लास के साथ पुष्पवर्षा की और ढोल-नगाड़ों की गूंज से पूरे क्षेत्र को भक्तिमय वातावरण में बदल दिया।

कोतवाली चौराहे पर विशेष रूप से कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का विधायक सुदेश राय ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। गुरुवार की सुबह दस बजे शहर के मनकामेश्वर महादेव मंदिर से प्रयाग राज से आने वाले कलशों को द्वारा पूर्ण विधि-विधान से बैंड बाजे के साथ यात्रा निकाली गई। इसके पश्चात नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर के अलावा शहर के सभी साधु, संतों और विप्रजनों के द्वारा शहरवासियों की जीवनदायनी सीवन नदी के अलावा महाकुंभ के पानी को वाहनों के द्वारा काहरी डेम, जमोनिया जलाशय के अलावा भगवानपुरा जलाशय में आस्था के साथ समर्पित किया गया। इस निर्णय के आधार पर इस पुनित कार्य को किया गया। बड़ी संख्या में महाकुंभ से विशेष वाहनों से इन कलशों को लाया गया था, वहीं अब जलाशयों के अलावा हर वार्ड के बावडी अन्य जल स्त्रोतों में समर्पित किया जाएगा।

इस संबंध में सीएमओ भूपेन्द्र दीक्षित ने बताया कि महाकुंभ के शुभ अवसर पर तीर्थराज प्रयाग से त्रिवेणी संगम के जल का कलश में आगमन हमारें नगर में किया गया है सिद्धपुर के राजा मनकामेश्वर मंदिर में त्रिवेणी जल (गंगा जल) से अभिषेक उपरांत पावन कलश (गंगा जल) का जल नगर के जल स्त्रोत सीवन नदी, जमोनिया जलाशय, काहरी डेम, भगवानपुरा जलाशय एवं नगर के मुख्य जल स्त्रोत में मानव कल्याण हेतु प्रवाह किया जाएगा। मान्यता है कि गंगाजल के सम्पर्क में आने वाला साधारण जल भी गंगा जल की तरह पवित्र और पावन हो जाता है हमारी मंशा है कि गंगाजल सीहोर के प्रति एक घर तक उपलब्ध कराया जाए, ताकि हमारी शहर की जनता अपने घर पर ही कुंभ स्नान का पुण्य लाभ ले सके। मेरा आप से अनुरोध है कि इस पावन कार्यक्रम में सहभागिता बनकर पुण्य फल प्राप्त करें।

रहवासियों के लिए हर हर गंगे-हर घर गंगे पहल की शुरुआत की है, जिसके तहत प्रयागराज महाकुंभ का पवित्र गंगा जल पहुंचाया जाएगा। इस गंगा जल को विशेष रूप से प्रयागराज से लाया गया है और हमारे नलों से सप्लाई होने वाले जलाशयों में डाला जाएगा। महाकुंभ के पावन अवसर पर प्रयागराज से गंगाजल मंगवाया जा गया है। महाकुंभ प्रयागराज का यह पवित्र गंगा जल विशेष रूप से क्षेत्र के प्रत्येक घर तक पहुंचाया जाएगा। इसके लिए जल आपूर्ति लाइनों के माध्यम से सप्लाई किया जाएगा। इससे प्रत्येक नागरिक अपने घर पर ही स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित कर सकें एवं धार्मिक कार्यों में भी इसका उपयोग कर सकें।

# उज्जैन-इंदौर सिक्स लेन निर्माण के लिए त्रिवेणी ब्रिज का यातायात किया डाइवर्ट



उज्जैन।

**उज्जैन-इंदौर सिक्सलेन निर्माण का कार्य तेज रफ्तार से किया जा रहा है। वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी ना हो इसलिए अलग-अलग हिस्सों में इसका काम किया जा रहा है। इसके तहत कई जगह पर सडक़ के दोनों ओर मिट्टी डालकर उन्हें रोलर की मदद से समतल किया जा चुका है। इसी के साथ कई स्थानों पर काम चल रहा है।**

उज्जैन-इंदौर सिक्स लेन सड़क निर्माण कार्य के चलते अब त्रिवेणी पर बने पुराने ब्रिज पर यातायात को रोक रास्ता डायवर्ट कर दिया गया है। यहां से अब बिजली के पोल और जालियां हटाई जा रही हैं। दरअसल, उज्जैन-इंदौर सिक्सलेन का भूमिपूजन 19 सितंबर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया था। इस योजना के तहत फोरलेन को सिक्सलेन में बदला जा रहा है। 1692 करोड़ रुपए से बनने वाले इस सिक्सलेन का निर्माण महाकाल हाईवे प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने शुरू किया है। फोरलेन में अभी 8.5-8.5 मीटर की दो-दो लेन यानी कुल चौड़ाई 17 मीटर है।

सिक्सलेन में सडक़ का हिस्सा 12.5-12.5 मीटर चौड़ा यानी कुल 25 मीटर हो जाएगा। बता दें कि 46.475 किमी का सिक्सलेन इंदौर के अरबिंदो से उज्जैन के हरिफाटक ब्रिज तक बनेगा जिसका निर्माण टुकड़ों में किया जा रहा है। कई जगह पर सडक़ों के दोनों ओर मिट्टी डालने के बाद इसे समतल किया जा चुका है। कई जगह जेसीबी की मदद से खुदाई कर पेड़ों को हटाया जा रहा है। सिंहस्थ 2028 से पहले इसे पूरा किया जाना है।

# हड्डियों की सुदृढ़ता हेतु नियमित व्यायाम और योग आवश्यक : डॉ. जैन

**विदिशा ( निप्र )।** हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ राहुल जैन की बोन्स एवं जॉइंट क्लिनिक पर हड्डियों का स्वास्थ्य जाँचने एक निशुल्क बोन मिनरल डेंसिटी परीक्षण शिविर फ़र्म्ड लिमिटेड फ़र्मास्यूटिकल कंपनी के सौजन्य से संपन्न हुआ। इसमें 50 व्यक्तियों के परीक्षण में 60 प्रतिषत की हड्डियाँ कमजोर पाई गई।

आईएमए के प्रदेश अध्यक्ष एवं विदिशा आईएपी के अध्यक्ष डॉ एमके जैन ने बताया कि हड्डियों की इस प्रकार की कमजोरी एक चेतावनी है। हड्डियों को स्वस्थ-सुदृढ़ रखने अपनी लाइफ स्टाइल में उम्र के अनुरूप थोड़ा बदलाव करना चाहिए। दिन-प्रतिदिन हड्डी और जोड़ो पर वजन डालने वाले व्यायाम, योग तथा पैदल चलना, तैराकी और नृत्य, सीढ़िया चढ़ना और रैकेट से खेलने वाले खेल तथा जॉगिंग अभ्यास कारगर हो सकते है। आईएमए विदिशा के अध्यक्ष डॉ राजीव जैन ने बताया कि हड्डियों को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए, संतुलित आहार जिसमे पर्याप्त कैल्शियम, विटामिन डी और अन्य पोषक तत्व होने चाहिए।

आईएपी के सचिव डॉ सुरेंद्र सोनकर ने बताया कि हड्डियों की मजबूती बनाए रखने के लिए बच्चों से लेकर हर उम्र के व्यक्तियों को नियमित दूध और उससे बनी चीजों , फ्ली और बीन्स का सेवन कारगर हो सकता है। नवजात बच्चे को हड्डिया मजबूत रखने के लिए जन्म से एक साल की उम्र तक विटामिन डी की 400 यूनिट आवश्यक रूप से दी जा रही है।

# देवास गेट बस स्टैंड के कायाकल्प पर खर्च होंगे 75 करोड़

उज्जैन।

देवासगेट स्थित शहीद राजाभाऊ महाकाल बस स्टैंड का उन्नयन 75 करोड़ रुपए से होगा। बेसमेंट में 70 कार, 250 बाइक और एक समय में 20 बसें पार्क करने की सुविधा होगी। ऊपर के फ्लोर पर होटल भी संचालित होगा। नगर निगम परिषद से अनुमोदित कार्ययोजना को मूर्त रूप देने के लिए ड्राइंग-डिजाइन तैयार की जा रही है।

गौर तलब है कि पिछले साल 25 अक्टूबर को नगर निगम परिषद ने 4.42 एकड़ क्षेत्र में फैले देवासगेट बस स्टैंड को तोडक़र वहां अंतर्राष्ट्रीय स्तर का नया बस स्टैंड बनाने का प्रस्ताव पारित किया था जहां सभी सुविधाएं यात्रियों को मिल सकें। तब कार्ययोजना 50 करोड़ रुपए की प्रस्तावित थी जिसमें बहुमंजिला भवन में होटल का प्रावधान नहीं था। इसके बाद शहर में बढ़ती पर्यटकों की संख्या के चलते निगम ने अपनी आय बढ़ाने के लिए इसमें होटल बनाने की योजना को जोड़ दिया है। कहा गया कि बस स्टैंड ऐसा बनेगा जिसमें विशाल छत के नीचे एक समय में 20 बसें पार्क करने की सुविधा होगी। साथ ही यात्री बारिश और तेज धूप से भी बच सकेंगे। मालूम हो कि करीब 10 साल पहले (सिंहस्थ 2016 से पूर्व) नगर निगम ने स्मार्ट सिटी मिशन अंतर्गत एयरपोर्ट की तरह बस स्टैंड बनाने की योजना बनाई थी। जिसके तहत 5-वे ट्रांसफर स्टेशन, 30 डिपार्चर-वे, 500 कार-बाइक पार्क करने के लिए मल्टीलेवल वाहन पार्किंग, पैदल चलने वालों के लिए स्काय ब्रिज और दुकानों का निर्माण किया जाना था। इस योजना को अमलीजामा पहनाने के लिए वर्ष 2018 में उज्जैन स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने अभिव्यक्ति की रुचि प्राप्त करने के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए थे। उसी दौरान रेलवे की जमीन प्राप्त करने को पत्र व्यवहार भी किया गया था लेकिन योजना विभिन्न कारणों के चलते अमलीजामा नहीं पहन पाई। अब सिंहस्थ 2028 में ज्यादा समय शेष नहीं बचा है, ऐसे में भीड़ और यातायात प्रबंधन के लिए देवासगेट बस स्टैंड का उन्नयन जरूरी हो गया है। ऐसे में इस पर काम किया जा रहा है।

**पुराना बस स्टैंड भवन हुआ जर्जर:** वर्तमान में बस स्टैंड की हालत एकदम खराब है। बिल्डिंग पूरी तरह से जीर्ण-शीर्ण हो चुकी है। दीवारों और छतों से प्लास्टर उखड़ गया है जिससे सरिए बाहर झांक रहे है। बारिश के दिनों में बिल्डिंग की छत से पानी टपकता नहीं बल्कि बहता है। यहां से प्रतिदिन सैकड़ों यात्री सफर करते हैं। ऐसे में इसका निर्माण बेहद जरूरी है वरना कभी भी गंभीर हादसा हो सकता है।

# त्यौहार के लिए बनाई समिति में नहीं होना चाहिए राजनीतिःराय



सीहोर। त्यौहारों के लिए बनाई समिति में किसी भी तरह की राजनीति नहीं होना चाहिए क्योकी हमारे सभी त्यौहार हिन्दू मुस्लिम एकता के प्रतीक है। देश के बंटवारे के पहले सभी मिलजुल कर दिपावली ईद मनाते थे पता नही चलता था की साल कब गुजर गया। पाकिस्तान बनने और सोशल मीडिया आने के बाद परिस्थितियां बदल गई है ऐसे हलातों में भी ऑल इंडिया मुस्लिम त्यौहार कमेटी हिन्दू मुस्लिम एकता के साथ तैयार मनाते हुए अपना विस्तार कर रही है यह प्रशंसा की बात है उक्त बात गुरूवार को विधायक कार्यालय में ऑल इंडिया मुस्लिम त्यौहार कमेटी के द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय ने कहीं। कार्यक्रम को विशेष अतिथि ऑल इंडिया मुस्लिम त्यौहार कमेटी संयोजक शमशुल हसन, चेयरमैन दानिश खान प्रदेश अध्यक्ष तनवीर कुरैशी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान समाजसेवी नौशाद खान को ऑल इंडिया मुस्लिम त्यौहार कमेटी का प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया। नवागत प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष नौशाद खान ने कहा की समस्त समाजों और धर्मो को जोड़ कर धर्मनिरपेक्ष रहकर एवं समाज में शोषित वंचित लोगों मैं सक्रिय भूमिका निभाते हुए भारतीय संविधान के दायरे में रहते हुए कार्य करेंगे और त्योहारों के साथ-साथ समाज सेवा के कार्य भी करते रहेंगे।

वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय के द्वारा नौशाद खान को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय और ऑल इंडिया मुस्लिम त्यौहार कमेटी के पदाधिकारी शेख इस्माइल खान, संरक्षक असद पठान, प्रदेश मीडिया अध्यक्ष मोहम्मद आरिफ़ खान, प्रदेश सचिव अदनान हसन, मोहम्मद शारिक़ का फूल मालाओं से रिजवान पठान आदि मौजूद रहे।

## कलेक्टर ने भोपाल में आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला को संबोधित किया

विदिशा (निप्र)। भारत शासन के विभिन्न मंत्रालयों एवं राज्य सरकारों और मध्यप्रदेश शासन की शिकायत निवारण प्रणाली तथा सर्वोत्तम प्रथाओं पर प्रस्तुतियां-प्रदर्शन एवं चर्चा हेतु आहूत राष्ट्रीय कार्यशाला को विदिशा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने भी संबोधित किया। इस कार्य शाला में केवल विदिशा एवं सागर कलेक्टर को संबोधन के लिए आमंत्रित किया गया था। आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी भोपाल द्वारा भारत शासन के प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग नई दिल्ली के सौजन्य से राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया था। इस कार्यषाला में विदिशा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने जिले में नवाचारो के माध्यम से शिकायतों के समाधान के लिए किए गए प्रबंधों पर गहन प्रकाश डाला। विदिशा जिले में गुड गवर्नेंस के अंतर्गत किए जा रहे कार्यो के सापेक्षित परिणामस्वरूप प्रदेश स्तरीय सीएम हेल्पलाइन के निराकरणो की जारी होने वाली मासिक ग्रेडिंग सूची में विदिशा टॉप फाइव में सम्मिलित रहता है।

# राठौर को श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिला अध्यक्ष की तीसरी बार मिली जिम्मेदारी

**रायसेन।** श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष शलभ भदौरिया के द्वारा जिला श्रमजीवी पत्रकार संघ की तीसरी बार जिम्मेदारी राहुल राठौर को सोंपी गई है। बताया जाता है कि राहुल राठौर के द्वारा हमेशा जिले के पत्रकारों के साथ सामंजस विठाते हुए जिला प्रशासन के साथ तालमेल विठाकर कार्य करते है और जिले के पत्रकारों की कोई भी समस्या आने पर उसका निराकरण करने के लिए ज्ञापन सोंपते हुए पत्रकार के लिए न्याय की लड़ाई लड़ने के लिए हमेशा तत्पर रहते है। राहुल राठौर की लगातार सकृियता



और पत्रकारों को एकजुटता के कारण जिला अध्यक्ष श्रमजीवी पत्रकार संघ की तीसरी बार जिम्मेदारी मिलने पर जिले के पत्रकारों ने राहुल राठौर को बधाईयां और शुभकामनाऐं प्रदान की गई है। वधाई देने वालों में अमित दुवे बारेलाल सूर्यवंशी हीरेन्द्र कुशवाह राहुल राजोरिया महेन्द्र तोमर थानसिंह मालवीय मलखान सिंह ठाकुर प्रहलाद दांगी नरेन्द्र लोधी बब्लू वर्मा राजू सोनी अमित सोनी हुकुम टेकाम भुवनेश कुशवाह खेमचंद गौर आदि पत्रकारों ने राहुल राठौर को तीसरी बार श्रमजीवी पत्रकार संघ की जिम्मेदारी मिलने पर शलभ भदौरिया का आभार व्यक्त किया।


**न्यायालय नायब तहसीलदार, वृत्त-1,तहसील-हुजूर, जिला भोपाल म.प्र.**

प्रकरण क्रमांक 372/अ-3/2024-2025
मौजा-बरखेड़ा बोदर

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक श्री रूपेश सिजारिया पुत्र श्री हरीनारायण सिजारिया निवासी मकान नबंर-41 पीरगेट रोड भोपाल म.प्र. के द्वारा भू. राजस्व सहिता 1959 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर ग्राम बरखेड़ा बोंदर प.ह.न. 06 भूमि खसरा क्रमांक-412/1/क, 412/2, 414/1/3, 414/1/4, कुल रकबा 0.087 हैक्टेयर भूमि का राजस्व नक्शे में बटान अंकित करने का अनुरोध किया है। समयावधि पश्चात् प्रस्तुत आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। प्रकरण में आगामी कार्यवाही हेतु पेशी दिनांक 28.02. 2025 नियत की जाती है।

**न्यायालय तहसीलदार**
**तहसील-कोलार जिला भोपाल**

3629

**In The Court of III Civil Judge Class-II, District Court, Bhopal**
**Presiding Officer: सुश्री हेमलता अहिरवार**

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु )
(RCS B/0000044/2022)
केनरा बैंक............ **वादी VS**
बसंत रावत... **प्रतिवादी**

**Process ID/2025** **पेशी दि. 24/4/2025**

**प्रेषिती-1.** (1) बसंत रावत पिता बद्रीप्रसाद रावत पता-म.न. 194 बागमुंगालिया जाटखेडी होशंगाबाद रोड भोपाल (2) सौरभ रावत पिता बसंत रावत पता म.न. 194 बागमुंगालिया जाटखेडी होशंगाबाद रोड भोपाल मप्र. यह कि प्रार्थी कैनरा बैंक ने आपके विरूद्ध वाद वास्ते वसूली के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 11 February 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है। **कृपया ध्यान दे:** यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जाएगा।

सील

**हेमलता अहिरवार, न्यायाधीश**
**तृतीय व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ खण्ड भोपाल (म.प्र.)**

3630

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल, प्रक्षेत्र-2, अयोध्या नगर, भोपाल**

**आम सूचना**

ओल्ड सुभाष नगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल भूखण्ड/भवन/फ्लैट क्रमांक जूनियर एम.आई.जी. 37, मण्डल द्वारा श्री अब्दुल बशीर कुरैशी आत्मज श्री अब्दुल शक्कुर कुरैश के नाम पर भाड़ाकय खरीद करार के आधार पर आवंटन आदेश क्र.6056-60 दिनांक 24/05/1980 को आवंटित किया गया है। श्री अब्दुल कीर कुरैरी की दिनांक 16/06/1991 को मृत्यु होने के उपरांत उनके पुत्र श्री अब्दुल हक कुरैशी आत्मज स्व. श्री हाजी अब्दुल बशीर कुरैशी के नाम पर नामान्तरण आदेश क्र. 5998-03 दिनांक 24/05/ 1996 को नामान्तरित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 12/06/1996 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। श्री जी अब्दुल हक कुरैशी (पिता) की दिनांक 06/05/2004 को मृत्यु होने के उपरांत उनकी पत्नी श्रीमती जाहिदा कुरैश पत्नी स्व. श्री हाजी अब्दुल हक कुरैशी के नाम पर नामान्तरण आदेश क. 3227-29 दिनांक 01/10/2005 को नामान्तरित किया गया है। श्रीमती जाहिदा कुरैशी (माता जी) की दिनांक 27/12/2020 को मृत्यु होने के उपरांत उनके पुत्र श्री मोहम्मद मुश्ताक कुरैशी आत्मज स्व. श्री हाजी अब्दुल हक कुरैश के द्वारा उक्त भवन अपने एकल नाम पर नामान्तरण करने हेतु आवेदन पत्र, शपथ पत्र, मूल आवंटी के अन्य वारिसों का अनापत्ति शपथ-पत्र, परिचय पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं मण्डल प्रारूप में आवेदन पत्र प्रस्तुत किए गए है। प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति श्री मोहम्मद मुशाक कुरैशी आत्मज स्व. श्री हाजी अब्दुल हक कुरैशी के एकल नाम से नामान्तरण हेतु प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है। यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो ता 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह नि. एवं अघो. वि. म. प्रक्षेत्र-2 भोपाल**

3631

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल, प्रक्षेत्र-2, अयोध्या नगर, भोपाल**

**आम सूचना**

सेटेलाईट प्लाजा अयोध्या नगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल में दुकान क्रमांक 45 (भूतल) मण्डल द्वारा श्री राकेश सिंह आत्मज श्री हरी सिंह के नाम पर आवंटित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 31/03/2015 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। केता/विक्रेता द्वारा आवेदन, परिचय पत्र, शपथ-पत्र,संयुक्त शपथ-पत्र एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए उक्त संपत्ति श्रीमती सोनम रघुवंशी पत्नी श्री राम कुमार रघुवंशी के नाम पर हस्तान्तरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है एवं उप पंजीयक कार्यालय द्वारा उक्त संपत्ति का विकय विलेख दिनांक 21/01/2025 को केता के पक्ष में दस्तावेज पंजीकृत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त संपत्ति श्रीमती सोनम रधुवंशी पत्नी श्री राम कुमार रघुवंशी के नाम पर हस्तान्तरण का प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है। उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह नि. एवं अघो. वि. म. प्रक्षेत्र-2 भोपाल**

3632

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल, प्रक्षेत्र-2, अयोध्या नगर, भोपाल**

**आम सूचना**

अयोध्या नगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल में भूखण्ड/भवन क्रमांक एल. आई. जी. 188 एम-सेक्टर मण्डल द्वारा श्रीमती रानी देवी पत्नी श्री संतोष सिंह राजपूत के नाम पर हस्तान्तरण आदेश क. 318 दिनांक10/09/2024 को हस्तान्तरित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक05/06/2017 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, परिचय पत्र, शपथ-पत्र, संयुक्त शपथ-पत्र एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए उक्त संपत्ति श्री नीरज साहू आत्मज स्व. श्री आर.एस. साहू के नाम पर हस्तान्तरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है एवं उप पंजीयक कार्यालय द्वारा उक्त संपत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 19/12/2024 को क्रेता के पक्ष में दस्तावेज पंजीकृत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त संपत्ति श्री नीरज साहू आत्मज स्व. श्री आर.एस. साहू के नाम पर हस्तान्तरण का प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है। उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/ या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह नि. एवं अघो. वि. म. प्रक्षेत्र-2 भोपाल**

3633

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल, प्रक्षेत्र-1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक भोपाल**

**आम सूचना**

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, करोंद, बैरसिया रोड, भोपाल में स्थित शेड क्रमांक- 612/ए मण्डल द्वारा श्री पंकज सोनी आत्मज श्री मुरारीलाल सोनी के नाम से हस्तांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 30/11/2017 को पंजीकृत है। श्री पंकज सोनी आत्मज श्री मुरारीलाल सोनी द्वारा उक्त सम्पत्ति (1) श्रीमती शबनम बी पत्नी श्री मोहम्मद शरीफ (2) सुश्री शिफा शेख पुत्री श्री मोहम्मद शरीफ को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 28/12/2023 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति (1) श्रीमती शबनम बी पत्नी श्री मोहम्मद शरीफ (2) सुश्री शिफा शेख पुत्री श्री मोहम्मद शरीफ के पक्ष से हस्तांतरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति /उत्तराधिकारी / संस्था/ वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह नि. एवं अघो. वि. म. प्रक्षेत्र-1 भोपाल**

3634

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल, प्रक्षेत्र-1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक भोपाल**

**आम सूचना**

हाऊसिंग बोर्ड, नेहरू नगर, भोपाल (म.प्र.) में स्थित भूखण्ड क्रमांक एल.आई.जी. 24 मण्डल द्वारा श्री हेमराज वर्मा आत्मज श्री ओमकार प्रसाद वर्मा के नाम से आवंटित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 03/02/1982 को एवं लीज नवीनीकरण दिनांक 08/07/2015 को पंजीकृत किया गया है। उक्त सम्पत्ति की लीज समयावधि दिनांक 13/12/2041 तक वैध है। श्री हेमराज वर्मा का स्वर्गवास दिनांक 23/04/2021 को एवं उनकी पत्नी श्रीमती माया वर्मा का स्वर्गवास दिनांक 12/04/1992 को हो गया है। आवेदक आवंटी के 2 पुत्रो (1) श्री हरीश वर्मा आत्मज स्व. श्री हेमराज वर्मा (2) श्री राजेश वर्मा आत्मज स्व. श्री हेमराज वर्मा द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, अन्य वारिसों के अनापत्ति शपथ पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति अपने नाम से नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है, उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति अपने नाम से नामांतरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/ संस्था/वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह नि. एवं अघो. वि. म. प्रक्षेत्र-1 भोपाल**

3635

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल, प्रक्षेत्र-1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक भोपाल**

**आम सूचना**

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, करोद, बैरसिया रोड, भोपाल में स्थित शेड क्रमांक- 1210/ए मण्डल द्वारा कुमारी शाहीना पुत्री श्री रईस के नाम से हस्तांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 21/05/2012 को पंजीकृत है। कुमारी शाहीना पुत्री श्री रईस द्वारा उक्त सम्पत्ति का मुख्तार आम श्री सलमान ज़हीर आत्मज श्री ज़हीर उद्दीन को नियुक्त कर दिनांक 16/06/2014 को पंजीकृत किया गया है। उक्त मुख्तारग्रहिता द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती फरहा खान पत्नी श्री सहर सईद खान को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 20/01/2015 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति श्रीमती फरहा खान पत्नी श्री सहर सईद खान के पक्ष से हस्तांतरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/संस्था/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह नि. एवं अघो. वि. म. प्रक्षेत्र-1 भोपाल**

3636